आईआईएम ने डिमरा और रासाबेड़ा में लगाया स्वास्थ्य शिविर

दैनिक भास्कर

न्यूज ब्रीफ

आईआईएम ने डिमरा व रासाबेड़ा में लगाया स्वास्थ्य जांच शिविर

अनगड़ा| आईआईएम रांची के तत्वावधान में डिमरा व रासा गांव में बुधवार को निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया गया। शिविर को सीएचसी अनगड़ा ने सहयोग किया। डॉ. स्वाति कुमार (दंत चिकित्सक), डॉ. संतोष कच्छप (मेडिसिन), बरखा मिंज और आशा कार्यकर्ता तारा देव ने 65 रोगियों के स्वास्थ्य की जांच की। रोगियों को आवश्यक दवा, आवश्यक परामर्श, एवं रेफरल प्रदान किया गया। शिविर का नेतृत्व रवीश (आईआईएम रांची) ने किया। रवीश ने कहा कि इस तरह के सामूहिक प्रयास से दूरस्थ क्षेत्रों तक स्वास्थ्य सेवाएं पहुचाने की दिशा में एक सराहनीय पहल हैं। शिविर को सफल बनाने में आईआईएम रांची के आईपीएम छात्र सेजल, अलीशा, प्रणव, एलेक्स और किशलय का योगदान रहा।

Dainik Bhaskar_24.04.2025_P. 8

आइआइएम ने डिमरा और रासाबेड़ा में लगाया शिविर

अनगड़ा : आइआइएम रांची के तत्वावधान में डिमरा व रासाबेड़ा गांव में बुधवार को निश्शुल्क स्वास्थ्य शिविर लगाया गया। इसके आयोजन में सीएचसी अनगड़ा ने सहयोग किया। रोगियों की डा. स्वाति कुमार (दंत चिकित्सक), डा. संतोष कच्छप (मेडिसिन), बरखा मिंज और आशा कार्यकर्ता तारा देव इलाज किया। कुल 65 रोगियों का स्वास्थ्य जांच की गई। रोगियों को आवश्यक दवा, परामर्श एवं रेफरल प्रदान किया गया। (संसू)

Dainik Jagran_24.04.2025_P. 5

डिमरा और रासाबेड़ा में लगाया स्वास्थ्य शिविर

अनगड़ा। आईआईएम रांची के तत्वावधान में डिमरा और रासा गांव में बुधवार को नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर लगाया गया। शिविर को सीएचसी अनगड़ा ने सहयोग किया। रोगियों की डॉ स्वाति कुमार (दंत चिकित्सक), डॉ संतोष कच्छप (मेडिसिन), बरखा मिंज और आशा कार्यकर्ता तारा देव ने किया। इस दौरान कुल 65 रोगियों की स्वास्थ्य जांच की गई। रोगियों को आवश्यक दवा, आवश्यक परामर्श, एवं रेफरल प्रदान किया गया।

Hindustan_24.04.2025_P. 12